nt>

Title: Need to provide adequate cold storage facility in Lohardaga Parliamentary Constituency in Jharkhand − Laid.

प्रो. दुखा भगत (लोहरदगा): लोहरदगा में आदिवासी अपने क्षेत्रों में सब्जी का उत्पादन करते हैं और यहां की सब्जियां कलकत्ता आदि शहरों में बेची जाती हैं। उनके द्वारा उत्पादित सब्जियां ठीक प्रकार से स्टोरेज न होने से सड़ जाती हैं या बेकार हो जाती हैं, जिसके कारण इन आदिवासियों के मेहनत का प्रतिफल नहीं मिल पाता है क्योंकि इन आदिवासियों को न तो सब्जियों के स्टोरेज करने का प्रबंध है और न ही उनकी मार्किटिंग की व्यवस्था है। आज से ढाई साल के लगभग पहले रांची के बेडो प्रखंड में कई करोड़ का आलू सरकारी कोल्ड स्टोरेज खराब होने से सड़ गया था, जिसका मुआवजा अभी तक आदिवासी किसानों को नहीं मिला है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि आदिवासियों को सब्जी ठीकठाक रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज अधिक संख्या में बनाये जायें और उनकी मेहनत का प्रतिफल दिलाने हेतु उचित बाजार की व्यवस्था करवाई जाये और जिन लोगों का आलू खराब हुआ था उनकों जल्द मुआवजा दिलाया जाये।